Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 21-03-2005

Participants : Azmi Shri Iliyas

>

Title: Need to allocate more funds under 'Sam Vikas Yojna' for extending the existing bridge on Garra river in Shahabad Parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री इलियास आज़मी (शाहाबाद) : महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र शाहाबाद में गर्रा नदी पर बने पुल के पास नदी ने रास्ता बदल लिया है, जिससे नदी पुल के किनारे से बह रही है। इसके कारण करीब 100 गांव शाहाबाद से कट गये हैं। अब या तो पुल के किनारे कंकरीट की दीवार बनाकर नदी का रूख मोड़ा जाये या पुल का 3 या 4 खम्बों का एक एक्सटेंशन किया जाये।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि हरदोई जिले में लागू सम विकास योजना का पैसा बढ़ाकर जिला प्रशासन को निर्देश दिया जाये कि पुल को इस योजना के माध्यम से चालू करके उन 100 गांवों को जिले से जोड़ने का कार्य अविलम्ब करे।